# प्रेस नोट
## थाना सदर बाजार, झाँसी

**दिनांक – 10.09.2026**

- **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना सदर बाजार की साइबर सेल टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में हुई ठगी से पीड़ित के98,000/- रुपए की धनराशि बरामद करायी गयी,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के0 सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक किए जाने तथा साइबर ठगी के पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में आज दिनांक 10.09.2026 को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत आवेदक श्री सोन सिंह पुत्र श्री रमेश अहिरवार, निवासी खिरकपट्टी थाना सदर बाजार झाँसी के साथ दिनांक 16.08.2026 को हुई ₹98,000/- की साइबर ठगी (UPI फ्रॉड) के संबंध में साइबर शिकायत संख्या 33108260209327 पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सदर बाजार की साइबर टीम द्वारा फ्रॉड की धनराशि पर बैंक के माध्यम से होल्ड लगवाकर आवश्यक कार्यवाही की गई। परिणामस्वरूप ठगी गई **पूर्ण धनराशि ₹98,000/- आवेदक के पक्ष में सफलतापूर्वक रिफंड कराई गई।** आवेदक द्वारा थाना सदर बाजार पुलिस एवं साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**बरामद की गयी धनराशि -₹98,000/-**

बरामद कराने वाली टीम का विवरण-
1. निरीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार जनपद झाँसी
2. उ0नि0 रवि कुमार शर्मा,साइबर सेल प्रभारी थाना सदर बाजार झाँसी
3. क0आ0 आदित्य सिंह थाना सदर बाजार झाँसी
4. म0का0 सोनम जादौन साइबर सेल थाना सदर बाजार झाँसी
5. रि0का0 ऋषभ यादव, साइबर सेल थाना सदर बाजार झाँसी